# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

**विज्ञप्ति सं.-26**

क्रमांकःएफ( )/परीक्षा/मदसविवि/2015/ 57657 — दिनांकः 23-11-15

विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा 2016 के परीक्षा आवेदन पत्र बेवसाइट **www.mdsuexam.org** तथा **www.mdsuexam.net** पर ऑनलाइन प्रक्रिया से भरने की तिथियाँ निम्नानुसार बढ़ाई जाती है–

| कक्षा | बिना विलम्ब शुल्क | विलम्ब शुल्क 100/–सहित | परीक्षा शुल्क के बराबर विलम्ब शुल्क सहित |
|---|---|---|---|
| समस्त स्नातक (पास/ऑनर्स) भाग–प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के नियमित, **पूर्व छात्र एवं स्वयंपाठी छात्र यथा–** बी.ए./बी.कॉम/बी.एससी/बी.एससी (गृह विज्ञान), /बी.बी.ए./बी.सी.ए./ बी.एससी.(आई.टी./कम्प्यूटर साइंस/ नेच्युरोपैथी एवं योगिक साइंस/ बायो टेक्नोलॉजी) /बी.ए. एडीशनल<br>**समस्त स्नातकोत्तर ( उत्तरार्द्ध) एवं समस्त प्रोफेशनल कोर्स के नियमित, पूर्व छात्र एवं स्वयंपाठी छात्र यथा**–एम.ए., एम.एससी., एम. कॉम.,एलएल.बी.,एलएल.एम., बी.एससीबी. एड, बी.एड.सैकेण्डरी, बी.पी.एड., बी.पी.ई., एम.एड., एम.एड.(एलीमेन्ट्री), बी.एड एवं समस्त डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम | 02–11–2015 से 04–12–2015 तक | 05–12–2015 से 12–12–2015 तक | 13–12–2015 से 19–12–2015 तक |
| उपरोक्त वर्णित सभी परीक्षाओं के प्रिन्टेड आवेदन पत्र (हार्ड कॉपी–दो प्रतियों में) संबंधित महाविद्यालय/केन्द्र/विभाग में जमा कराने की अंतिम तिथि | 16–11–2015 से 07–12–2015 तक | 28–11–2015 से 15–12–2015 तक | 04–12–2015 से 22–12–2015 तक |

उपरोक्त वर्णित कक्षाओं के अतिरिक्त अन्य कक्षाओं के आवेदन पत्र भरने की तिथियाँ बाद में घोषित की जायेंगी।

परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु निर्देश, परीक्षा फीस, का विवरण एवं परीक्षा केन्द्र संबंधी सूचना उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे परीक्षा हेतु आवेदन करने के लिये अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करें अपितु यथा शीघ्र आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया को पूर्ण करें। परीक्षा शुल्क जमा कराने की व्यवस्था ई–मित्र के माध्यम से की गई है। निर्धारित अवधि के पूर्व तथा पश्चात् फीस स्वीकार नहीं की जावेगी। **नियमित एवं पूर्व छात्र सम्बन्धित महाविद्यालय में तथा स्वयंपाठी छात्र सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र पर उपरोक्त उल्लेखित दस्तावेज आवश्यक रूप से जमा करावें।**

**नोट–**

1. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर के अलावा अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण परीक्षार्थी माइग्रेशन सर्टिफिकेट तथा मूल अंकतालिका भी संलग्न करें।
2. समस्त श्रेणी (नियमित, पूर्व छात्र एवं स्वयंपाठी) छात्रों हेतु वेबसाइट पर अलग–अलग फार्म उपलब्ध रहेंगे।
3. स्नातक कला में वैकल्पिक विषय के रूप में तीन साहित्य विषय तथा तीन प्रायोगिक विषय चयन करने की अनुमति नहीं है।
4. स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को निम्नलिखित विषयों में परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी– लाइव स्टॉक एवं डेयरिंग, टैक्सटाइल डाइंग एण्ड प्रिन्टिग, ड्राइग एण्ड पेन्टिग, फिजिकल एजुकेशन, कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं मनोविज्ञान।
5. स्वयंपाठी पुरुष परीक्षार्थियों को गृह विज्ञान वैकल्पिक विषय के रूप में चयन करने की अनुमति नहीं दी जावेगी।
6. स्नातक कला वर्ग के स्वयंपाठी छात्र प्रायोगिक विषय का चयन करने पर आवेदन भरते समय उसी महाविद्यालय/केन्द्र का चयन करें जहॉ यह विषय नियमित छात्रों हेतु उपलब्ध हो।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकःएफ( )/परीक्षा/मदसविवि/2015/57658-906 दिनांकः 23-11-15

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है–

1. समस्त विभागाध्यक्ष, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय एवं समस्त प्राचार्य– सम्बद्ध महाविद्यालय, को प्रेषित कर लेख है किः–

अ. जिन परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर महाविद्यालय में जमा करवाये गये हैं, उनके चालान परीक्षा फार्म मय संलग्नकों के वर्णानुक्रम (Alphabetical order) में कक्षावार/महाविद्यालयवार सूची तैयार करके विश्वविद्यालय में बिना विलम्ब शुल्क से प्राप्त आवेदन पत्रों को दिनांक 12–12–2015 तथा विलम्ब रू. 100/– तथा परीक्षा शुल्क के बराबर विलंब शुल्क से प्राप्त आवेदन पत्रों को दिनांक 25–12–2015 तक विश्वविद्यालय के लेखा एवं वित्त शाखा के रोकड़ प्राप्ति शाखा में व्यक्तिगत रूप से जमा करावें। इस हेतु उन्हें नियमानुसार यात्रा भत्ता देय होगा। उपरोक्त निर्धारित तिथियों के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

ब. उपरोक्त वर्णित तिथियों को यदि महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र वर्णानुक्रम (Alphabetical order) में कक्षावार करके जमा नहीं करवा पाते हैं, तो उनके महाविद्यालय से प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नहीं की जा सकेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

स. **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक भाग–प्रथम तथा स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध) कक्षाओं हेतु आवंटित सीटों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फार्म भरवाये गये हैं, इस आशय का शपथ पत्र सम्बन्धित प्राचार्यो द्वारा परीक्षा फार्म के साथ अनिवार्य रूप से देय होगा।**

द. **आवेदन पत्रों के साथ Detail of Registered Students तीन प्रतियों में, Fee Report दो प्रतियों में तथा परीक्षावार Nominal Roll दो प्रतियों में विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर पर प्रस्तुत करें।**

2. ए.सी.पी, ऑनलाईन केन्द्र, मदसविवि, अजमेर को भेजकर लेख है कि विज्ञप्ति को परीक्षा कार्य की बेवसाइट पर प्रसारित कराने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक, मदसविवि, अजमेर।
4. उपकुलसचिव (वित्त एवं लेखा) को प्रेषित कर लेख है कि आवश्यक कार्यवाही करने के पश्चात् आवेदन पत्र अधिकतम तीन दिवस के भीतर संबंधित परीक्षा शाखा को प्रेषित करने की व्यवस्था करावें।
5. समस्त उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभागाधिकारी/प्रोग्रामर, मदसविवि, अजमेर।
6. निजी सचिव–कुलपति/निजी सहायक कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, मदसविवि, अजमेर।
7. सहायक, रोकड़ शाखा, मदस विश्वविद्यालय, अजमेर।
8. उपकुलसचिव (सा.प्र.) मदसविवि, अजमेर को भेजकर लेख है कि विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार अजमेर संभाग के जिले अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर, टौंक के मुख्य समाचार–पत्रों (राजस्थान पत्रिका/दैनिक भास्कर/दैनिक नवज्योति) में विज्ञप्ति को एक बार प्रकाशित कराने की व्यवस्था करें।
9. नोटिस बोर्ड पर विज्ञप्ति चस्पा करते हुए सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के लिए वैबसाईट **mdsuexam.org** तथा **mdsuexam.net** का निरन्तर अवलोकन करें तथा इसके अतिरिक्त कार्यालय समय में प्रातः 09.00 से सायं 6.00 के बीच उपरोक्त वैबसाईट पर प्रदर्शित हैल्प लाइन नम्बर पर भी सम्पर्क किया जा सकता हैः–

**उपकुलसचिव(परीक्षा)**